तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 अवैध अंग्रेजी शराब, दारू भट्ठी व नशे के खिलाफ...


14 पीवी 33 के संकीर्ण रेलिंग विहीन पुल से मालवाहक...


## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत संजय नगर कांकेर निवासी 20 वर्षीय नूर मोहत्तद ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। संजय नगर कांकेर निवासी 49 वर्षीय अब्दुल रहीम ने पुलिस को बताया कि मृतक सुबह 9 बजें डिलवरी बॉय का काम करने के लिए चला गया और 11 बजें घर वापस आया। अपने कमरे में सोया था। शाम को 7 बजें देखा तो उसने कमरा में फंदा बनाकर फांसी में झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बाहानापानी चौक के पास सड़क दुर्घटना में घायल डूमरपानी निवासी 38 वर्षीय कुमेंद्र कुमार मंडावी का इलाज के दौरान धमतरी के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 30 नवबंबर को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय द्वारा अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 23 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदुम के आश्रित ग्राम मेरेगांव की पावन भूमि पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचायत स्तरीय दो दिवसीय प्रो-कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 23 से 24 दिसंबर तक आयोजित होगी। आयोजन समिति द्वारा क्षेत्र के समस्त कब्बडी खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को इसमें भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग की कब्बडी स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार शेष पेज 12 पर

---

सियासत : बैरिकेड्स को तोड़ा और पुलिस कर्मियों से हुई नोंकझोक

## नेशनल हेराल्ड मामले पर कांग्रेस बिफरी, निकाला जुलूस, किया प्रदर्शन व भाजपा कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नेशनल हेराल्ड और यंग इंडिया मामले में न्यायालय का फैसला आने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरूवार 18 दिसंबर को भाजपा कार्यालय का घेराव किया। राजीव भवन से जुलूस निकालकर अलबेलापारा स्थित भाजपा के जिला कार्यालय को घेरने के लिए पहुँचे कांग्रेसियों को पुलिस ने लगभग 400 मीटर की दूरी लगी बैरीकेडिंग रोक लिया। कांग्रेसियों ने पु लिस से नोकझोक करते हुए बैरिकेडिंग को तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया, परंतु पुलिस आगे नहीं बढ़ने दिया और वरिष्ठ कांग्रेसियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम कर रखा था, इसके बावजूद पुलिस और कांग्रेसियों के मध्य जमकर झूमाझटकी देखने को मिली, स्थिति इतनी तनाव पूर्ण हो गई कि पुलिस को अतिरिक्त बल का प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करना पड़ा। सभी प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर नरहरदेव मैदान में ले जाया गया। भाजपा कार्यालय का घेराव करने पहुँचे भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि न्यायालय के फैसला ने भाजपा के झूठ को बेनकाब कर दिया है। भाजपा राहुल गांधी व सोनिया गांधी और कांग्रेस को बदनाम करने के लिए संवैधानिक संस्थाओं विशेष कर प्रवर्तन निदेशालय का दुरुपयोग करती है। भाजपा का चेहरा बेनकाब हो गया है, वह सत्ता में बने रहने के लिए झूठ और नफरत फैलाकर सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने का काम करती है। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि भारत की संवैधानिक संस्थाओं का भाजपाई कारण हो चुका है। बदले की भावना से राहुल गांधी व सोनिया गांधी और कांग्रेस को बदनाम करने का भाजपा ने हथकंडा अपनाया है। ईडी के आरोप पत्र को खारिज करने वाले ने सत्य की जीत कायम रखी है और भाजपा का झूठ बेनकाब हो गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा दर्ज एफआईआर को अदालत द्वारा रद्द किया जाना सत्य की जीत है, साथ ही इसमें मोदी एवं शाह के षड्यंत्र का हिस्सा है। भाजपा शेष पेज 12 पर

**खास बातें**
- पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर नरहरदेव मैदान लाया गया
- न्यायालय के फैसला ने भाजपा के झूठ को बेनकाब कर दिया



**प्रदर्शन में यह रहे उपस्थित**

भाजपा कार्यालय के घेराव प्रदर्शन में महामंत्री नरेश ठाकुर, प्रदेश सचिव जनकनंदन कश्यप, युवक कांग्रेस के अध्यक्ष राजू दुबे, हेमंत ध्रुव, नितिन पोटाई, सुनील बबला पाढ़ी, उदय शर्मा, पुरुषोत्तम गजेन्द्र, तरेंद्र भंडारी, गफ्फार मेमन, मनोज जैन, विरेन्द्र ठाकुर, सुनाराम तेता, पंकज वाधवानी, हिरवेंद्र साहू, लोमेंद्र यादव, चंद्रलोक ठाकुर, शिवभान ठाकुर, झरना ध्रुव, प्रकाश द्विवेदी, सोमेश सोनी, सुमित राय, सत्यार्थ करायत, तारश सिन्हा, शेष गजबिए, टुकेश्वर साहू, अमित साहू, अमन गायकवाड़, आदि उपस्थित रहे।



---

## मवेशी बाजार की आड़ में गौ तस्करी शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मुसुरपुट्टा में मवेशी बाजार की आड़ में चल रही गौ तस्करी को लेकर एक बड़ा और गंभीर खुलासा हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने सीधे तौर पर दुधावा चौकी के अमले पर गौ तस्करों को संरक्षण देने का संगीन आरोप लगाया है। ग्रामीणों का दावा है कि यह अवैध धंधा कार्यवाही करने वालों के मिलीभगत और संरक्षण में चल रहा है, जिसके कारण शिकायत के बावजूद तस्कर हर बार बच निकलने में कामयाब हो जाते हैं।

ग्रामीणों ने गौ तस्करी के अवैध धंधे में लगातार इस्तेमाल हो रहीं दो पिकअप वाहनों के नंबर सार्वजनिक किए हैं, जिन पर खुलेआम गायों की तस्करी का आरोप है। वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएन 6374 और सीजी 04 पीएच 7882 दोनो वाहन गौ तस्करी में शामिल है। आरोप है कि इन वाहनों का उपयोग गौ तस्कर, बेखौफ तरीके से गायों को अवैध रूप से ले जाने के लिए कर रहे हैं। तस्करी का यह सिलसिला मुख्य रूप से जामगांव रोड से घोटियावाही रोड के रास्ते संचालित किया जा रहा है, जहां गायों को भर-भर के ले जाया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसकी जानकारी दुधावा चौकी को कई बार दिया गया है, और पुख्ता खबर दिए जाने के बाद भी शेष पेज 12 पर

- ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

**ग्रामीणों ने की मांग**


ग्रामीणों ने तत्काल उच्चाधिकारियों से जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है दोनों पिकअप वाहनों को तत्काल जब्त कर गौ तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएं। मामले की उच्च-स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, गौ तस्करी को कथित रूप से संरक्षण देने वाले सभी पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों को तुरंत निलंबित कर उन पर विभागीय कार्रवाई की जाए।

---

चरित्र संदेश पर होता था विवाद

## पति की हैवानियत, पत्नी को सब्बल से जलाया, भीड़ जुटी हुआ फरार

**कांकेर।** करमोती में घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है, जिसमें पति द्वारा पत्नी के ऊपर शंका जाहिर करते हुए लोहे के सब्बल को गर्म कर पत्नी के शरीर को जला दिया। दर्द से व्याकुल पत्नी ने अपने आप को बचाने के लिए शोर मचाया तो आसपास लोग जुट गए। भीड़ को आता देख आरोपी पति वहां से भाग गया। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत भानुप्रतापपुर थाना में किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे करमोती निवासी 19 वर्षीय रीना कड़ियाम पति कौशल कड़ियाम ने पुलिस को बताया कि कृषि मजदूरी का काम करती हूं। मेरी शादी वर्ष 2023 में करमोती निवासी कौशल कड़ियाम के साथ समाजिक रीति रिवाज से हुई है। मेरे पति हमेशा मेरे चरित्र पर शंका करते है और आए दिन मेरे साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट करते है। मेरे पति 16 दिसंबर को घर से बाहर कही गए थे, मै घर पर थी, तभी शाम लगभग 5 बजें वह घर आए। घर में आते ही मेरे पति कौशल कड़ियाम हमेशा की तरह मेरे चरित्र पर शेष पेज 12 पर



---

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नौनिहालों की छत आंबा का पैसा पूर्व सरपंच-सचिव डकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

शासन द्वारा बच्चों को बेहतर शिक्षा, पोषण और सुरक्षित परिवेश देने के लिए लाखों रुपएं खर्च कर आंगनबाड़ी भवनों की स्वीकृति दी जाती है, लेकिन पखांजुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत मरोड़ा से भ्रष्टाचार का एक ऐसा मामला सामने आया है, जहाँ पूर्व सरपंच और सचिव की मिलीभगत से तीन आंगनबाड़ी भवनों की पहली किस्त की राशि तो निकाल ली गई, लेकिन धरातल पर ईंट तक नहीं रखी गई। वर्तमान सरपंच गायत्री ने पदभार ग्रहण करने के बाद जब अधूरे कार्यों की समीक्षा की, तो यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। सरपंच का कहना है कि ग्रामीणों की मांग पर जब उन्होंने जनपद पंचायत से जानकारी ली, तो पता चला कि पंचायत में तीन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिए पहली किशत जारी हो चुकी है और पूर्व सरपंच-सचिव द्वारा यह राशि आहरित कि जा चुकी है। सरपंच ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मैने जनपद पंचायत को लिखित में आवेदन देकर इस कार्य को निरस्त करने की मांग की है। पूर्व सरपंच और सचिव न तो पैसा वापस कर रहे हैं और न ही भवन बनवा रहे हैं। इस शेष पेज 12 पर

- ग्राम पंचायत मरोड़ा का मामला, धरातल पर एक ईंट भी नहीं रखी



**किराए के भवन में भविष्य**

भ्रष्टाचार का सबसे बुरा असर बच्चों पर पड़ रहा है। मरोड़ा पंचायत के आश्रित ग्राम फुरफुंडी में आंगनबाड़ी का आदेश करीब 4 साल पहले आया था। पैसा निकालने के बावजूद भवन नहीं बना, जिसके कारण आज भी आंगनबाड़ी किराए के मकान में संचालित हो रही है। शासन को हर महीने इसका किराया अलग से चुकाना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में बच्चों को जर्जर और अस्थायी ठिकानों में बैठने को मजबूर होना पड़ता है।

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल**

पूर्व सरपंच का 5 साल का कार्यकाल खत्म हो गया और नए सरपंच को आए भी एक साल बीत चुका है, लेकिन अब तक दोषियों पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हुई है। सवाल यह उठता है कि आखिर प्रशासन ऐसे लापरवाह और भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों व सचिवों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा, बच्चों के हक का पैसा डकारने वालों से वसूली कब होगी, क्या नन्हे बच्चों को कभी अपना पक्का और सुरक्षित भवन मिल पाएगा।

---

## सड़क दुर्घटना में हुई मौत, बाइक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत नारायणपुर के पुलिया पास सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में पाया गया कि मृतक 23 नवंबर को निजी कार्य से रायपुर गया था। वापस आकर भानुप्रतापपुर में अपने चचेरा भाई जयराम आंचला संतोषीपारा के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 6378 में सवार होकर अपने घर खोड़पानी अंतागढ़ जाने के लिए निकला था। रात करीबन 10 बजें ग्राम नारायणपुर के पुलिया पास पीछे से आ रही मोटर सायकल सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 4634 के चालक द्वारा अपने मोटर सायकल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक उतावलेपन से चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से आई चोट के कारण मृतक का होना पाया गया। आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 4634 के चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



---

## चार किसान के खेतों से सोलर पंप स्टार्टर व केबल की चोरी

**कांकेर।** कलगांव में अज्ञात चोर ने तीन किसान के पंप स्टार्टर और एक किसान के केबल को चोरी कर फरार हो गया। अज्ञात चोर ने किसानों के कुल 39 हजार रूपएं के समाना की चोरी किया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया। अंतागढ़ थाना में चोरी का शिकायत लेकर पहुंचे कलगांव निवासी 45 वर्षीय नरेंद्र नाग पिता मोती राम नाग ने पुलिस को बताया कि सीमेंट ईटा फैक्ट्री कलगांव के पास स्थित है, जिसमे सोलर पंप लगा हुआ है। मैने 2 दिसंबर को शाम करीबन 6 बजें पंप को चालू किया था। उसके बाद अगले दिन 3 दिसंबर को सुबह करीबन 7 बजें जाकर देखा तो मेरा सोलर पंप का स्टार्टर जिसकी कीमत लगभग 12 हजार रूपएं नहीं था। थोड़ा देर बाद पता चला कि मेरे खेत के पास के दुखरू गावड़े पिता स्व. दलसु राम गावड़े के खेत मे लगा स्टार्टर जिसकी कीमत लगभग 12 हजार रूपएं और भोजराज गावड़े पिता स्व.श्यामलाल गावड़े के खेत मे लगा स्टार्टर जिसकी कीमत लगभग 12 हजार रूपएं तथा रामप्रसाद पटेल के खेत के बोर में लगा केबल वायर जिसकी शेष पेज 12 पर








# नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों में जगी विकास की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना से जिला बीजापुर के पहुंचविहीन एवं दुर्गम गांवों

■ योजनाओं का लाभ लेने शिविरों में पहुंचने लगे ग्रामीण

में विकास की नई उम्मीद जगी है। योजना का प्रभाव यह है कि अब ग्रामीण बीहड़ क्षेत्रों से निकलकर शिविरों में पहुंचकर शासकीय योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने के लिए आगे आ रहे हैं। जिला कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर तथा जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में बुधवार को डौडीतुमनार में प्रथम चरण का सेचुरेशन शिविर आयोजित किया गया। जनपद पंचायत सीईओ पीआर साहू के नेतृत्व में सभी विभागों के मैदानी अमले के साथ बीजापुर से आवापल्ली, बासागुड़ा और तर्रेम होते हुए गौटपल्ली कैम्प जिला सुकमा पहुंचकर शिविर का आयोजन



किया गया। सरपंच एवं सचिव की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में उपस्थित हुए। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा अपने- अपने विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेजों के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया गया। योजनाओं की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों में लाभ लेने को लेकर उत्साह देखा गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि पहले चरण में सभी परिवारों का सर्वे कर यह चिन्हांकन किया जा रहा है कि किन लोगों के पास कौन-कौन से आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। सर्वे के दौरान ग्रामीणों को सही नाम बताने एवं उपलब्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने की समझाइश दी गई। अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में शेष आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने तथा पुनः शिविर आयोजित करने की कार्यवाही की जाएगी ताकि सभी पात्र ग्रामीणों को योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप

### लटकते बिजली तारों से हादसों का खतरा, ग्रामीणों में आक्रोश



**दुर्गुकोंदल।** एक ओर सरकार घर-घर बिजली और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर दुर्गुकोंदल ब्लाक अंतर्गत ग्राम खेड़ेगांव के पटेल पारा और स्कूल पारा में जमीनी हकीकत इसके उलट है। यहां पिछले 6 महीनों से बिजली विस्तार का काम अधूरा पड़ा है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। खेड़ेगांव सरपंच मानिक कडियाम व मकलेश जैन ने बताया कि स्कूल पारा से पटेल पारा तक बिजली के तार विस्तार का काम शुरू तो किया गया था, लेकिन ठेकेदार काम बीच में ही छोड़कर गायब है। आलम यह है कि हाई वोल्टेज तार बांस के डंडों के सहारे हवा में लटके हुए हैं। हल्की आंधी या बारिश होने पर इन तारों के टूटने का डर बना रहता है, जिससे कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है। स्थानीय निवसी अंकालु बोगा, गणेश कड़ियाम, सुंदर गावड़े, देयसिंह सलाम का कहना है कि पिछले 4 महीनों से काम पूरी तरह बंद है। इस संबंध में कई बार संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण पूरा पारा अंधेरे और खतरे के साये में जीने को मजबूर है। सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति स्कूल के पास की है, जहां से बच्चे रोजाना गुजरते हैं। लटकते तारों की वजह से हर वक्त हादसे का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने जल्द ही बिजली पोल लगाकर तारों को व्यवस्थित करने की मांग की गई है।

### नये कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2018 बैच के अधिकारी ध्रुव पूर्व में बिलासपुर जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में पदस्थ रहे। इसके बाद वे बलौदाबाजार-भाटापारा और बीजापुर जिले में एसडीएम रहे। इसके अलावा उन्होंने नारायणपुर जिले में सीईओ जिला पंचायत के रूप में सेवाएं दी। तत्पश्चात उनकी भिलाई नगर निगम कमिश्नर के रूप में पोस्टिंग हुई। इसके बाद उन्हें सुकमा जिले में बतौर कलेक्टर पदस्थ किया गया था।

### रामू बने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री

**दंतेवाड़ा।** भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन ने सांगठनिक नियुक्तियां तेज कर दी है। इसी परिपेक्ष्य में दंतेवाड़ा जिले से रामू नेताम को प्रदेश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए उन्हें भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। रामू नेताम को प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। वहीं रामू नेताम ने प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, संगठन मंत्री पवन साय और बीजेपी संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया है।

कार्यालय में बड़ी संख्या में पुलिस बल किया गया था तैनात

# हेराल्ड मामले में कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत द्वारा ईडी की चार्जशीट खारिज किये जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने दंतेवाड़ा जिला भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी झंडे लहराते हुए लगातार भाजपा के खिलाफ जबरदस्त नारे बाजी करते रहे। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर सैकड़ों की संख्या में जुटे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए भाजपा की केंद्र सरकार और केंद्रीय एजेंसियों को जमकर कोसा ।

प्रदर्शन से पहले सभी कांग्रेसी चिंतालंका के बाईपास चौक में एकत्रित हुए और वहां से सारे लोग पैदल मार्च निकल नारेबाजी करते हुए जिला भाजपा कार्यालय की ओर बढ़े। भाजपा कार्यालय के बाहर पहले से भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात थे। कार्यकताओं और सुरक्षा बल के बीच झूमाझटकी भी हुई। भाजपा कार्यालय पहुंचने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य गेट पर डट गए और विरोध जताते रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सलीम रज़ा उस्मानी ने कहा कि बिना एफआईआर के सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी द्वारा परेशान किया जा रहा है जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय




एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है और यदि यह सिलसिला जारी रहा तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।पीसीसी सयुक्त महामंत्री छविंद्र कर्मा ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर लगाए गए आरोप निराधार साबित हो चुके हैं, इसके बावजूद ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग लोकतंत्र को कमजोर करने के बजाय मजबूत करने के लिए होना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में केंद्र सरकार की कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया । इस दौरान पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, सुलोचना कर्मा, मंगल यादव, इंदिरा शर्मा, राजेन्द्र कौर, भीमसेन मंडावी, मनीष भट्टाचार्य, विमल सलाम, रविश सुराना, राजकुमार जायसवाल, कोपा कुंजाम, सुमित्रा शोरी, राधा नाग,इंदिरा ठाकुर,बबलू सिद्दीकी, राजू रेड्डी, विवेक देवांगन, संतोष दुबे,कमलोचन सेठिया, शंकर कुंजाम, विद्यानन्द सेन,वीर सिंह ठाकुर, मनोज मालवीय, मनोज कौरव, राजकुमार तामो, राजू भास्कर, नन्दा राम कुंजाम, रामनाथ राठौर, जितेंद्र कश्यप, रजत दहिया, आसिफ रज़ा,मनोज साहा, संजीव साव, उस्मान खान, पंकज बनिक, मनी राम हपका, सहदेव नाग, लच्छु मंडावी, राजेन्द्र मंडावी, उमेश कश्यप, अप्पू कुंजाम, विजय भोगामी, आकाश नियाल, अविनाश सरकार, सुनील गाइन बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# डीएवी आवासीय विद्यालय में कृष्णमयम द इटरनल सिंफनी वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

धनपूंजी स्थित एनएमडीसी डीएवी आवासीय विद्यालय में भव्य वार्षिक उत्सव कृष्णमयम द इटरनल सिंफनी हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों आध्यात्मिक चेतना और विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा का जीवंत प्रदर्शन था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएनवीएस प्रभाकर सर चेयरमैन एलएमसी और एक्सिक्यूटिव डायरेक्टर एन एस एल, विशिष्ट अतिथि सुजाता

■ मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट प्रस्तुति से खुश होकर दिए 1 लाख रूपए

प्रभाकर, विशिष्ट अतिथि रमेश शेट्टी सीजीएम मेटलर्जी, एन शशिधर सीजीएम मैकेनिकल, जयेश पटेल सीजीएम कमर्शियल, विजय भास्कर सीजीएम मैटेरियल्स, विशेष अतिथि एस बाबजी जीएम एचओडी एचआर एंड एडमिन, पीएल वर्मा, मैनेजर डीएवी धनपूंजी, शैलेश सिंह एआरओ, डीएवी आईटीआई नगरनार के प्राचार्य अभिषेक पवार व अन्य विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के साथ औपचारिक रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष के वार्षिक उत्सव का



थीम कृष्ण जीवन है जो आध्यामिक ही न होकर एक संपूर्ण शिक्षा है। प्राचार्य ने स्कूल की शैक्षिक उपलब्धियों, विभिन्न खेलो में बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और पिछले शैक्षिक वर्ष विद्यालय में लगाए गए ऐकडेमिक प्रदर्शनी के सफल आयोजन के बारे मे भी जानकारी दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के भाग 1 में भगवान श्री कृष्ण के बाल एवं किशोर जीवन की लीलाओं को मनोहारी नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात पुरस्कार एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि विद्यार्थियों को मैडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में जीवन में सतत प्रेरणा और नैतिक मूल्यों के पथ पर अग्रसर होने का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के भाग 2 में श्री कृष्ण की युवावस्था से निर्वाण तक की आध्यात्मिक यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कंस वध, सुदामा चरित, गीतोपदेश और श्रीकृष्ण का प्रस्थान ने कार्यक्रम को गहन भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की। भव्य ग्रैंड फिनाले में कृष्णा नी बेगाने बारों की सामूहिक प्रस्तुति और समूह छायाचित्र ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, अनुशासन एवं सांस्कृतिक चेतना का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ।

मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों के उत्कृष्ट प्रस्तुति से खुश होकर एक लाख रु. ईनाम की घोषणा की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, आईटीआई नगरनार के शिक्षक , विद्यार्थी और अन्य स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संदीप बेबरता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इसके पश्चात शांति पाठ और राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# मोबाइल पर बात करने पर पिता ने डाटा, नाबालिग लड़की ने दी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर

बांदे थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां शांतिपारा में एक नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर पिता द्वारा दी गई डांट बताया जा रहा है।

शांतिपारा निवासी नाबालिग लड़की को उसके पिता ने मोबाइल रखने और उसके अत्यधिक उपयोग को लेकर फटकार लगाई थी। पिता की डांट से आहत होकर लड़की ने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना उस वक्त की है जब घर के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे और वह घर में अकेली थी। घर में लगे पंखे का फायदा उठाकर उसने फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही बांदे थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है। इस घटना के बाद से शांतिपारा इलाके में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह घटना युवाओं में बढ़ते मोबाइल के आकर्षण और मानसिक संवेदनशीलता को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों के साथ संवाद में धैर्य रखना आवश्यक है।

### भाटपाल में मनाया गया घासीदास जयंती



**बस्तर।** गुरू घासीदास बाबा की जयंती 18 दिसंबर को हर्ष उल्लास के साथ हर साल की भांति इस वर्ष भी ग्राम भाटपाल में गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में पूजा आरती कर समस्त ग्रामवासी मिलकर जयंती का आयोजन किया गया। और बाबा जी के बताएं मार्ग को लेकर मनखे मनखे एक समान को जन जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के प्रमुख शोभाराम मारकंडे, पनेशराम तलहरे, परसराम बंजारे, छोटू राम मारकंडे, लालाराम, मंगलू मारकंडे, लक्ष्मी दास मारकंडे, राजमन नवरंगे, कृष्ण मारकंडे,चंदन बंजारे, कुमारी बाई लहरे, निक्की बंजारे समाज के प्रमुख पूजा आरती कर बाबा जी का संदेश को जन जन तक पहुंचने का संकल्प लिया।

# कापसी नयापारा में मनाई बाबा गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर

कापसी क्षेत्र के नया पारा मोहल्ले में सतनाम धर्म के प्रवर्तक और महान समाज सुधारक बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती पूरे भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्वेत ध्वज जैतखाम की पूजा-अर्चना की गई और पंथी नृत्य की धुनों पर पूरा मोहल्ला सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह बाबा के प्रतीक जैतखाम की पूजा-अर्चना और नए पालो श्वेत ध्वज चढ़ाने के साथ हुई। समाज के बुजुर्गों



और युवाओं ने सामूहिक रूप से मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली और सुख-शांति की कामना की। जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें युवा और बच्चे बाबा जी के जयकारे लगाते नजर आए। कलाकारों ने मांदर की थाप पर हैरतअंगेज करतब दिखाए और बाबा जी के संदेशों को गीतों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया। कार्यक्रम के अंत में गुरु प्रसादी सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बाबा गुरु घासीदास के सप्त सिद्धांतों सत्य बोलना, अहिंसा, दया और मनखे-मनखे एक समान सभी मनुष्य एक समान है पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा के विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं, जो समाज को एकता के सूत्र में पिरोते हैं। बाबा गुरु घासीदास ने समाज को ऊंच-नीच के भेदभाव से मुक्त होने का मार्ग दिखाया था। आज नया पारा का यह आयोजन उनकी शिक्षाओं को सहेजने का एक छोटा सा प्रयास है।

# गुरु घासीदास ने दिया मनखे-मनखे एक समान का संदेश : मुकेश संचेती

**नरहरपुर।** सतनाम पंथ के प्रवर्तक, समाज सुधारक एवं महान संत गुरु घासीदास की जयंती नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 15 में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जैतखंब पर सतनाम समाज सहित सर्व समाज के लोगों द्वारा पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, शोभायात्रा एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गुरु घासीदास के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारी सलाम ने सभी को गुरु घासीदास की जयंती पर



बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को बाबा के बताए मार्ग पर चलकर समाज सेवा करनी है। पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता मुकेश संचेती ने कहा कि गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश देकर समाज में समानता, भाईचारे और मानवता की अलख जगाई। उन्होंने जाति-भेद, ऊंच-नीच और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष कर सत्य, अहिंसा और न्याय का मार्ग दिखाया। अंत में सभी ने गुरु घासीदास के विचारों को अपने जीवन में अपनाने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गोदावरी बंजारे, संतोष कुर्रे, सीता वट्टी, अजय गुप्ता, नेकराम बंजारे, मंगली चतुर्वेदी, सताऊ महीलांगे, अजय महिलांगे, बलीराम चतुर्वेदी, परदेशी बंजारे आदि उपस्थित रहे।

# खेल भावना और उत्साह के साथ कराकी में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के संकुल केंद्र कोड़ेकुर्से के ग्राम कराकी में संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतिस्पर्धा का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में सभी ने मिलकर खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को खेल भावना से भाग लेने की प्रेरणा दी और कहा कि इस प्रकार का संकुल स्तरीय आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को खेल के बड़े मंच प्रदान करता है और उनकी शारीरिक तथा मानसिक क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। क्षेत्रवासियों ने आयोजन की सफलता के लिए



शुभकामनाएं दीं तथा इसे यादगार बनाने का संकल्प लिया।

तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतिस्पर्धा 18 से 20 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें संकुल के कुल 9 प्राथमिक एवं 5 माध्यमिक शाला कुल 14 शालाओं के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 100 मीटर तथा 200 मीटर दौड़, आलू दौड़, 400 मीटर रिले रेस, कबड्डी, खो-खो तथा वॉलीबॉल प्रमुख हैं। सभी खेल प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर अ ल ग - अ ल ग आयोजित किए जा रहे हैं तथा बालक और बालिका वर्ग के लिए पृथक-पृथक स्पर्धाएं रखी गई हैं, जिससे बच्चों में खेल के प्रति उत्साह और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होने की उम्मीद है। आयोजन के दौरान ग्रामवासियों का उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे समारोह का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। प्रतिस्पर्धा के समापन समारोह का आयोजन 20 दिसंबर को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहेंगी। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य निर्मला कवाची, सरपंच जवाहरलाल ठाकुर, जनपद सदस्य अमृता कोटलिंगा, सरपंच साधना सहारे, धनीराम ध्रुव, संकुल प्राचार्य थानेश्वर चंद्राकर, खेमंत सिन्हा, ग्राम गायता नारायण सिंह कोवाची, निर्भय कोवाची, जैन सिंह कोवोची तथा क्षेत्र के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ ग्रामवासी मौजूद रहे।

पेज 11 के शेष...

### नेशनल हेराल्ड मामले...

केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर 12 साल तक कांग्रेस नेताओं को बदनाम किया है, लेकिन आखिर में सत्य की ही जीत हुई। भाजपा का असली चेहरा उजागर हो गया है। न्यायालय के इस निर्णय के आ जाने के बाद भाजपा का असली चेहरा उजागर हो गया है, भाजपा के कृत्य को उजागर करने के लिए ही भाजपा कार्यालय का घेराव करने जिलेभर के कांग्रेसी पहुँचे थे।

### मवेशी बाजार की...

कार्यवाई करने के बजाए गौ तस्करों को खबर कर देते है। स्थानीय ग्रामीणों की माँग है कि वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएन 6374 और सीजी 04 पीएच 7882 पर नजर रखकर गौ तस्करी पर रोक लगाई जाए।

### प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता...

1500 एवं द्वितीय पुरस्कार 1000 रूपए निर्धारित किया गया है। पुरुष वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 7000, द्वितीय पुरस्कार 4000 तथा तृतीय पुरस्कार 1500 रूपए रखा गया है। इसके अतिरिक्त उद्घाटन समारोह के अवसर पर विशेष पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गई है।

### पति की हैवानियत...

शंका करते हुए मुझे गाली गलौच करते हुए आज तुझे जान से मारकर खत्म कर दूंगा की धमकी देने लगा। आवेश में आकर घर के आंगन में मेरे दोनो हाथों को पीछे रस्सी में बांधकर लोहे की सब्बल को अंगेठी में गर्म करके मेरे दाहिने गाल व माथा व शरीर के अन्य हिस्सों को जला दिया, जिससे मेरे शरीर में जलने का निशान है। तेज दर्द होने पर मै जोर-जोर से चिल्लाने लगी। मेरे शोर मचाने पर आसपास के लोग आए तब मेरे पति वहां से मुझे छोड़कर भाग गया। फिर मै अपने आपको बड़ी मुश्किल से बंधे हुए रस्सी से छुड़ाई हूं। घटना से मैं काफी डर गई और अपने मायके ग्राम कलवर चली गई। फिर मै घटना के बारे में अपनी माता- पिता को बताई हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति कौशल कड़ियाम के खिलाफ धारा 118 (1), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### भ्रष्टाचार की भेंट...

वित्तीय गड़बड़ी की जिम्मेदारी मेरी नहीं है, बल्कि इसकी पूरी जवाबदेही पूर्व सरपंच, सचिव और संबंधित विभाग की होगी। क्षेत्र की जनता अब जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग कर रही है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि सरकारी धन की रिकवरी कर भवनों का निर्माण पूर्ण कराया जा सके। इस संबंध में पीओ जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा बालकृष्ण बंजारे से बात करने पर उन्होंने बताया है कि सरपंच के द्वारा आंगनबाड़ीओ को निरस्त करने हेतु आवेदन दिया गया है जिसकी सूचना जिला मुख्यालय में दी गई है निरस्त की प्रक्रिया जिला पंचायत से होनी है।

### चार किसान के...

कीमत लगभग 3 हजार रूपएं नहीं था। अज्ञात चोर ने 3 दिसंबर की दरमियानी रात 3 नग स्टार्टर एवं केबल वायर कुल 39 हजार रूपएं को चोरी किया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### जुपिटर स्कूल में आधार शिविर का 20 को

**कांकेर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रधान डाकघर कांकेर एवं जुपिटर वर्ल्ड पब्लिक स्कूल प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में जुपिटर वर्ल्ड पब्लिक स्कूल माहुरबंदपारा में 20 दिसबंर शनिवार को पूरे दिन आधार नामांकन एवं सुधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पांच वर्ष के बच्चों तक का नवीन आधार कार्ड, पुराने आधार में बायोमेट्रिक एवं डेमोग्राफिक अपडेट का कार्य किया जाएगा। विद्यार्थी एवं अभिभावक अपने साथ पुराना आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अंकसूची, पासपोर्ट आदि दस्तावेजो के माध्यम से अपडेट की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। आधार कार्ड शिविर का आयोजन उपडाकघर कोरर में भी आयोजित किया जा रहा है। अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर के निर्देश पर उप संभागीय निरीक्षक केके तुरकर एवं विजय जांगड़े के मार्गदर्शन में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### किसान संघ का मोटिवेशन व सम्मान समारोह 21 को

**दुर्गुकोंदल।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के तत्वाधान में मोटिवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 21 दिसंबर रविवार को प्रातः 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम गोंडवाना भवन भानुप्रतापपुर में आयोजित होगा। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सदेसिह कोमरे, जिला अध्यक्ष रामप्रसाद नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल कोमरे एवं महासचिव बैजनाथ नरेटी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कांकेर जिले के अंतर्गत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सीजीपीएससी 2024-25 की प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान करना तथा भावी प्रतियोगी विद्यार्थियों को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को सफलता की दिशा में मार्गदर्शन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ी भी शासकीय सेवाओं में चयनित होकर समाज का नाम रोशन कर सके।

### कुणाल बने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री

**दंतेवाड़ा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टीकरिया ने प्रदेश की कार्यकारणी एवं जिला अध्यक्षों की सुची जारी कि है। जिसमें दंतेवाड़ा जिले से कुणाल ठाकुर को प्रमुख जिम्मेदारी के रूप में प्रदेश महामंत्री का दायित्व मिला है।

### बढ़ते नशे के खिलाफ भगवती मानव कल्याण संगठन ने किया प्रदर्शन

# अवैध अंग्रेजी शराब, दारू भट्ठी व नशे के खिलाफ निकाली सद्भावना रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना




सरोना तहसील क्षेत्र में अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री, नवीन शराब दुकान खोलने की घोषणा और बढ़ते नशे के खिलाफ भगवत्ती मानव कल्याण संगठन के तत्वाधान में गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, गुरु भाइयों तथा आसपास के महिला स्व सहायता समूहों के सहयोग से पूर्ण नशा मुक्ति सद्भावना रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

रैली में शामिल लोगों ने हाथों में नशा विरोधी संदेश लिखा तख्तियां लेकर नगर के प्रमुख मार्गों से मार्च किया और अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। नशा मुक्ति के समर्थन में नारे लगाए गए और आम नागरिकों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। रैली तहसील कार्यालय सरोना पहुंची, जहां संगठन की ओर से तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखीं। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 67 नवीन शराब दुकानों की घोषणा की गई है, जिसमें जिले की सरोना तहसील के ग्राम सरोना को भी चिन्हांकित किया गया है। संगठन एवं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में पहले से ही अवैध अंग्रेजी शराब और अन्य नशीले पदार्थों की समस्या गंभीर है, ऐसे में नई शराब दुकान खुलने से हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नशे के कारण समाज तेजी से बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। आज आठवीं और दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। नशे की वजह से चोरी, लूटपाट, मारपीट जैसे अपराध बढ़ रहे हैं और लगभग हर घर किसी न किसी रूप में प्रभावित है। इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है, जिससे पारिवारिक कलह और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है। संगठन ने समाज सुधार के लिए आगे आने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि पूरे भारत को नशा मुक्त बनाना संगठन का उद्देश्य है। इसी दिशा में लगातार जनजागरूकता अभियान, रैलियां, बैठकें और नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संगठन ने दावा किया कि अब तक कांकेर जिले में 20 से 30 हजार नशेड़ी व्यक्तियों को नशा मुक्त किया जा चुका है और यह अभियान बिना किसी भेदभाव के जारी है। इस अवसर पर गजेन्द्र कुमार सरगियाँ, कनक नेताम, नरेश नेताम, शैलेन्द्र मरकाम, हेमन्त साहु, दीपक साहू, पूर्णिमा मरकाम, शिवबत्ती साहू, अंजली साहू, रेशमी भट्ट, नमिता नेताम सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार 3 युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर


बाइक पर तीन युवक थे सवार और गति थी अनियंत्रित
एनएच-30 पर अज्ञात वाहन से स्पोर्ट्स बाइक टकराई, सवार दो युवकों की मौत, एक गंभीर

- आरोपी चालक फरार, राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास हुई दुर्घटना

जिले के नथियानवागांव के आगे पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। यह दर्दनाक दुर्घटना 8 दिसंबर की शाम को उस समय हुई, जब तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही एक कार ने मोटर साइकल को सामने से टक्कर मार दी और कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना करने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शी ट्रक चालक ने कार का नंबर नोट कर इसकी जानकारी परिजनों और गांव के पूर्व जनप्रतिनिधियों को दिया। परिजनों ने थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपी कार चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे खमढोड़गी गुज्जालपारा निवासी 45 वर्षीय ओमकार रायस्त ने पुलिस को बताया कि वासुदेव रायस्त, रामचंद कोटवार और अरूण हिचामी के साथ मोटर साइकल क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 6307 से राजाराव पठार मेला देखकर लौट रहा था। शाम करीब साढ़े 5 बजें नथियानवागांव के आगे पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास रायपुर की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 07 एजे 4335 के चालक ने ओवरटेक करते हुए सामने से मोटर साइकल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वासुदेव रायस्त और रामचंद कोटवार की मौके पर ही गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई, जबकि अरूण हिचामी को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। बाद में इलाज के दौरान उसे रायपुर ले जाया जा रहा था, जहां पचपेड़ी नाका के पास उसकी भी मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कार वाहन क्रमांक सीजी 07 एजे 4335 का चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## किसानों को ट्राइकोडरमा मास मल्टीप्लेक्स तकनीक और उपयोग की दी गई जानकारी



**कांकेर।** कृषि महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्र -छात्राओं द्वारा रावे रेडी कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत व्याशकोंगेरा के किसानो को ट्राईकोडर्मा के मास मल्टीप्लेक्सन का व्यवहारिक प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नई सरल एवं प्रभावी तकनीक के माध्यम से फसल रोगो से बचाव की जानकारी देना था। इस प्रयोग में छात्रों द्वारा किसानों को बताया गया कि ट्राईकोडरमा केवल रोग नियंत्रण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह मिट्टी की सेहत सुधारने जड़ों की वृद्धि बढ़ाने तथा पौधों को मजबूत बनाने में भी सहायक होता हैं। यह प्रदर्शन पौध रोग विज्ञान के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ.प्रदीप कुमार बढ़ाई के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों द्वारा किसानों को ट्राईकोडर्मा तैयार करने की पूरी प्रक्रिया बताया गया। इसमें ट्राईकोडर्मा कल्चर का उपयोग किया गया, जिसमे 1 ट्राईकोडर्मा कैप्सूल, 500 ग्राम चांवल के कनकी और 1 लीटर पानी उपयोग किया गया। पानी के एक उबाल आने के बाद कनकी को डालकर 2 मिनट तक उबाला, जिससे कनकी निर्जीविकृत होकर फफूंद विकास के लिए उपयुक्त बन सके। कनकी को साफ कपड़े में छान कर गुनगुना होते तक ठंडा किया गया। ठंडे हुई कनकी को 1 सेंटीमीटर तक डिब्बा में सामान रूप से समतल किया गया और ट्राईकोडर्मा कैप्सूल को कनकी में सामान रूप से मिलाकर ढक्कन को बंद कर दिया गया। डिब्बो को सुरक्षित स्थान पर एक सप्ताह रखा गया, जिससे ट्राईकोडरमा का विकास हो सके।

## भाजयुमो जिला अध्यक्ष संजू व जीवन का आतिशबाजी कर किया स्वागत



**सरोना।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू एवं अनुसूचित जनजाति प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जीवन नेताम के सरोना आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला, जहां कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, फूल-मालाओं और नारों के साथ दोनों नेताओं का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने सभी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास और प्रेम के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे सभी को साथ लेकर संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य करेंगे। संजू गोपाल साहू ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संगठन से जोड़ना और उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है और भाजपा की नीतियां युवाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं। युवा मोर्चा इन नीतियों को गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेगा। युवाओं की शिक्षा, रोजगार, खेल, कौशल विकास और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। संगठन के माध्यम से युवाओं की आवाज शासन और प्रशासन तक पहुंचाई जाएगी, ताकि उनका समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा, यशवंत सुरोजिया, हीरा मरकाम, अजय हिरवानी, बीएस साहू, निलेश गोलछा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीवी 33 के संकीर्ण रेलिंग विहीन पुल से मालवाहक नाले में पलटा, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजूर

- ग्रामीणों ने चक्काजाम करने और उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



पखांजूर स्टेट हाईवे 25 पीवी 33 पर स्थित एक संकीर्ण पुलिया फिर किसी बड़ी अनहोनी का गवाह बनते-बनते रह गई। लोक निर्माण विभाग की उदासीनता और प्रशासनिक अनदेखी के चलते यह मार्ग अब राहगीरों के लिए सफर नहीं, बल्कि खतरा बन चुका है। गुरुवार के सुबह एक अनियंत्रित मालवाहक वाहन के नाले में गिरने से इलाके में एक बार फिर आक्रोश भड़क उठा है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह स्टेट हाईवे-25 पर स्थित ग्राम पीवी 33 के पास बनी संकीर्ण पुलिया से गुजरते समय एक मालवाहक वाहन के चालक ने संतुलन खो दिया। पुलिया की चौड़ाई कम होने और सुरक्षा दीवार रेलिंग न होने के कारण वाहन सीधे नीचे नाले में जा गिरा। दुर्घटना होते ही तेज आवाज के साथ मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण और राहगीर तुरंत बचाव के लिए दौड़े। राहत की बात यह रही कि इस भीषण हादसे में चालक और परिचालक को गंभीर चोटें नहीं आईं, लेकिन वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय नागरिकों और ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर आलोचना की। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, इस संकीर्ण पुलिया पर आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं। स्टेट हाईवे-25 एक महत्वपूर्ण मार्ग है जो क्षेत्र के दर्जनों गांवों को मुख्य शहर से जोड़ता है। रोजाना सैकड़ों भारी वाहन और बसें यहाँ से गुजरती हैं। बारिश के दिनों में जलस्तर बढ़ने पर यह पुलिया और भी खतरनाक हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे तो करती है, लेकिन धरातल पर एक जर्जर और संकीर्ण पुलिया का चौड़ीकरण तक नहीं करा पा रही है। इस हादसे ने एक बार फिर पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पुलिया का चौड़ीकरण नहीं किया गया और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जैसे रेलिंग और संकेतक नहीं किए गए, तो वे चक्का जाम करने और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## धान फसल के वाजिब दाम मिलने से किसानों में आर्थिक समृद्धि बढ़ी



**कांकेर।** राज्य सरकार द्वारा किसानों की मेहनत और पसीने की कमाई का उचित दाम दिए जाने से उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ीकरण मिल रहा है। खरीफ सीजन में धान बेचकर मिले पैसों से किसानों की अपनी दीगर जरूरतें पूरी हो रही हैं। कांकेर ब्लॉक के ग्राम पीढ़ापाल निवासी कृषक कौशल कुमार नाग अपनी 10 एकड़ कृषि भूमि में धान उगाकर पहले चरण में 90 क्विंटल धान का विक्रय किया। किसान ने बताया कि और भी धान है, जिसे सुखाने के लिए रखा गया है, जिसे टोकन कटने के बाद शीघ्र ही बेचा जाएगा। युवा किसान ने बताया कि खुद की आयु विवाह योग्य होने के कारण आगामी वर्ष में विवाह करने की योजना भी है, जिसके लिए धान विक्रय से प्राप्त राशि उनके लिए बड़ा सहारा बनेगी। उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को किसानों के हित में बताया और इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। सरकार की इस पहल से किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिल रही है और वे भविष्य की योजनाओं और सपनों को पूरा करने के लिए यह बेहतर माध्यम साबित हुआ है।


## बरहेली के रासेयो शिविर में समाज सेवा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेली में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस शिविर का समापन 7 दिसंबर को गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, श्रमदान एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे ग्रामीणों में सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा भाव विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरपंच प्रिया दुष्यंत वाडिवा ने एनएसएस स्वयंसेवकों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्यों के लिए ग्राम पंचायत की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। समापन अवसर पर स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की गई और समाज सेवा की भावना को निरंतर बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी, ऋषभ जैन, भाजपा मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, विजय पटेल, दुष्यंत वाडिवा, शिवलाल ध्रुव, मुरहा दर्रे, रामसिंह मंडावी, संता दररो, बाबूलाल कोला, नेमचंद दर्रा, लोमन दर्रा, मुकुंद चालकी, अजय दर्रा, सुरेंद्र रावते, कमला उईके, नर्मिला सलाम, रामचरण पटेल, मंगल नरेटी, हेमलता वाडिवा, प्राचार्य राजेंद्र आवड़े, पीआर करपाल, अजय रावटे, इंद्रेश मरावी, सुरेश ठाकुर, अश्विनी वैद्य, खुशबू ध्रुव, भारती नाग, मोहन गुरुवर, वीरेंद्र रावटे, विजय गोटा, कुमुद ध्रुव, सत्यनारायण दुबे, सुरेंद्र लकड़ा, घनेंद्र साहू, रामभरोस उसेंडी, मनोज दरियो सहित बड़ी संख्या में ग्राम की महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## विवान क्रिकेट स्मृति कप 2025 का समापन, हाटकोंदल ने जीता खिताब



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर के तत्वाधान में आयोजित पाँच दिवसीय पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता विवान स्मृति कप 2025 का समापन समारोह खेल भावना, उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता ने क्षेत्र के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान किया, जिससे ग्रामीण अंचल में क्रिकेट के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में हाटकोंदल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। कोर्रामटोला की टीम ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए उपविजेता स्थान प्राप्त किया, जबकि भंडारडिगी की टीम तृतीय स्थान पर रही। मेजबान टीम लोहत्तर ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों सहित सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम पुरस्कार 51,000, द्वितीय पुरस्कार 31,000 तथा तृतीय पुरस्कार 21,000 की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा व्यक्तिगत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सोनू नांदे को तथा मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार ज्ञान उसेण्डी को ट्रॉफी एवं नगद राशि के साथ प्रदान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में क्रिकेट प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने पॉवर क्रिकेट क्लब एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से क्रिकेट मैदान निर्माण एवं व्यवस्थित प्रशिक्षण की दिशा में पहल करने का सुझाव दिया, जिससे भविष्य में ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर अवसर मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर रितेश कुमार नाग ने घोषणा की कि आगामी वर्ष से विवान स्मृति कप में चतुर्थ पुरस्कार 11,000 रूपए की राशि भी प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर लोहत्तर सरपंच बसंती भालेशवर, प्राचार्य सुशील कुमार साहू, वरिष्ठ व्याख्याता एसएस नेगी, प्रधानपाठक रमेश सोंगेड़, कन्या आश्रम अधीक्षिका पुष्पा विमल भालेशवर तथा लोहत्तर एवं सिलपट के गायता पटेल उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में दिनेश ठाकुर, डुजान ठाकुर, सोनू गढ़िया, प्रवीण दुग्गा, फूलचंद बढ़ाई, पूरन देहारी, अजीत नायक, तेजप्रताप आमले, मुकेश कोमरा, रविन्द्र भालेशवर, धनेश बढ़ाई सहित समस्त सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### एकता से समाजिक समरसता बढ़ेगी और संस्कृतिक विकास को मिलेगा बल

# आरएसएस के कोदागांव हिंदू सम्मेलन में स्वदेशी अपनाने की अपील की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धनेलीकन्हार




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ग्राम पंचायत कोदागांव के बाजार चौक में 18 दिसंबर को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में 250 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

हिन्दू सम्मेलन के मुख्य वक्ता टोपलाल वर्मा ने कहा की यह वर्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का शाताब्दी वर्ष है, 1925 में संघ का गठन हुआ था। इस शताब्दी वर्ष में संघ अपने कई कार्यक्रमों कर रही, जिसमें हिन्दू सम्मेलन करने की है। भारत में करीब एक लाख से ज्यादा हिन्दू सम्मेलन आयोजित होगा। आजादी के पूर्व यहां के ऋषि, मुनियों ने विदेशों को ज्ञान विज्ञान देने के साथ विदेशी में जीवन जिने की कला सिखाती रही है। मुगलों ने नालंदा विश्वविद्यालयों में रखे धार्मिक ग्रंथों को जलाया गया, जिसे जलाने में 6 महिनें लग गए। इससे अनुमान लगाया जा सकता है। पहले देश में 65 विश्वविद्यालय थे। भारत पहिले सभी दृष्टिकोण से समृद्ध थी। इस समृद्ध देश को मुगलो व अंग्रेजो ने लुटा। देश की आजादी में महाराना प्रताप, रानी लक्ष्मीबाई, विर शिवाजी जैसे वीर पुरुषों ने लड़ाई लड़ी। आजादी के बाद से देश को राष्ट्र विरोधीयों का सामना करना पड़ रहा है। देश आज विकसित भारत की और आगे बढ़ रहा है और ऐसे विकसित भारत में हम सभी का क्या योगदान हो इसकी चिंता करनी है। हमें विदेशों से देशों की सुरक्षा की जरूरत है, साथ ही साथ आतरीक तौर पर सतर्क रहना की आवश्यकता है। इसके लिए बस्तर अंचल में हो रहें। धर्मांतरण की चिंता करनी है, इसाई समुदाय चर्च के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाऐं देने के नाम पर हिन्दू परिवार को धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। हमारा प्रयास रहना चाहिए की हमें मतांतरण परिवार को वापस हिन्दू समाज में लानी है। हमें संगठित रहकर जाती भेद को मिटाते हुए, आपस में समाजिक समरसता बनानी है। थोड़ा ही सही, हमें जेविक खेती अपनानी है। हमें पाश्चात्य संस्कृति को न अपनाते हुए स्वदेशी का उपयोग करनी है।

पंच परिवर्तन के विषय पर आयुर्वेद के जानकार उपेश्वर ठाकुर ने कहा की हमें स्वदेशी को अपनाने की जरूरत है, हमारे किसान, इन्जिनियर अन्न से लेकर जरुरी चिजे आज पैदा कर रहे है, जिसका उपयोग करनी है। सनातन संस्कृति के चार आधार है गौ, गंगा, गायत्री रही है। पहले हम सभी के घर में गाय पाली जाती थी, जिसे दिपक दिखाकर प्रणाम किया जाता है। गौ का मुत्र पैसाब नहीं है अमृत के समान है, इनके सेवन से हमें किसी तरह की बिमारीया नहीं होती। आज हवा, पानी, मिट्टी सभी विशाक्त हो गए है, जिसे अपने गौ मूत्र के सेवन से ठीक किया जा सकता। गिलोय, परिजात , निर्गुंडी का काढ़ा के सेवन से बीपी , शुगर दुर हो जाता है। संत समाज के नागेन्द्र कृष्ण कालीदास महराज ने कहा कि आज हमें अपनों को अपने से डर लगने लगता है। हमें सनातन की जानकारी रहनी चाहिए। हमें धर्म ग्रंथों की ओर आगे बढ़ाना पड़ेगा व सम्पूर्ण जानकारी रखनी होगी।